भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1986

29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

आन्ध्र प्रदेश में प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना की प्रगति

1986. श्रीमती गुन्डु सुधारानी:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश में प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना कार्यान्वित की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश में इसकी शुरूआत से अब तक इसमें हुई प्रगति का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके कार्यान्वयन से अब तक वर्ष-वार और जिला-वार कितने आवेदन प्राप्त किए गए हैं, और कितने आवेदन स्वीकृत किए गए हैं;

(घ) क्या प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना को बारहवीं पंचवर्षीय योजना में भी जारी रखा जाएगा; और

(ङ) यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश के विशेष संदर्भ सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी)

(क): प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस) आंध्र प्रदेश राज्य सहित पूरे भारत में कार्यान्वित की जा रही है ।

(ख) और (ग): आंध्र प्रदेश राज्य में शुरू से 28.6.2010 तक टीयूएफएस की प्रगति इस प्रकार है:-

(करोड़ रू.)

स्वीकृत				संवितरित	
आवेदनों की सं.	परियोजना लागत	कुल से %	राशि	आवेदनों की सं.	राशि
459	9378.60	4.51	2862.76	459	4122.03

आंध्र प्रदेश राज्य में 28.4.2011 से 23.8.2012 तक पुनर्गठित टीयूएफएस की प्रगति इस प्रार है:-

(करोड़ रु.)

अवधि	**आवेदनों की सं.**	**परियोजना लागत**
28.04.2011 से 31.03.2012 तक	42	1276.88
01.04.2012 से 23.08.2012 तक	15	1267.94

आंध्र प्रदेश राज्य में टीयूएफएस के तहत स्वीकृत 20% मार्जिन मनी सब्सिड़ी (एमएमएस)/15% मार्जिन मनी सब्सिड़ी का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	**20%** एमएमएस		**15%** एमएमएस	
	मामलों की सं.	स्वीकृत सब्सिड़ी (लाख रू.)	मामलों की सं.	स्वीकृत सब्सिड़ी (लाख रू.)
2006-07	04	47.70	--	--
2007-08	10	48.32	--	--
2008-09	06	46.34	--	--
2009-10	14	94.36	--	--
2010-11	18	197.66	--	--
2011-12	21	254.69	--	--
2012-13	09	230.19	01	25.56

(घ) और (ड.): जी, हां । सरकार ने 15886 करोड़ रु. के आबंटन के साथ टीयूएफएस को पूरी 12वीं योजना के लिए जारी रखने की सिफारिश की है ।